# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

## M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

CELEBRATING 120 YEARS MPCCI



https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

**APRIL 2026**


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 28, अंक : 10

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# ग्वालियर विकास योजना-2035 में 25% एफएआर का MPCCI ने किया कड़ा विरोध

## संभागीय आयुक्त के सानिध्य में आयोजित बैठक में चेम्बर ने इसे ग्वालियर पर बताया अतिरिक्त भार

संभागीय आयुक्त, श्री मनोज खत्री के सानिध्य में दि. 30 अप्रैल को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 25% एफएआर पर आईं आपत्तियों पर सुनवाई की गई।

उक्त बैठक में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल एवं मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने शामिल होकर, ''ग्वालियर विकास योजना-2035'' में 25% एफएआर किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए, इसे ग्वालियर के लिए एक अतिरिक्त भार स्वरूप बताया । आपने कहा कि भोपाल में बैठे हुए अधिकारियों की मनमानी का खामियाजा शहर भुगत रहा है । आपने कहा कि ग्वालियर के लिए एफएआर का जो प्रावधान 'मास्टर प्लान' में किया गया है, इस प्रकार का प्रावधान मध्यप्रदेश के किसी और शहर में नहीं है । इस प्रावधान के कारण ग्वालियर में 'रियल एस्टेट सेक्टर' से जुड़े कारोबार एवं शहर के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि प्रदेश के अन्य शहरों के समान प्रावधान न रखते हुए 25% की भारी-भरकम दरों का प्रस्ताव रखने से ग्वालियर के विकास में यह सबसे बड़ी रुकावट बनेगा क्योंकि यह मात्र एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि ग्वालियर के आर्थिक विकास में एक बड़ी बाधा बन गई है । एक दशमलव की गलती (0.05 के स्थान पर 0.50) ने प्रीमियम FAR की लागत को 10 गुना बढ़ा दिया है, जिससे निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गए हैं । ग्वालियर के विकास की गति पिछले 3 वर्षों से थम सी गई है । शहर के नवीन मास्टर प्लान में एक गंभीर तकनीकी त्रुटि के कारण ग्वालियर का ''रियल एस्टेट'' सेक्टर आज वेंटिलेटर पर है ।

विगत् तीन वर्षों से शहर में एक भी नई बहुमंजिला इमारत को मंजूरी नहीं मिल सकी है । साथ ही, शासन को प्राप्त होने वाले स्टांप शुल्क और विकास शुल्क इससे प्रभावित हुआ है । ग्वालियर के साथ यह एक बहुत बड़ा भेदभाव है क्योंकि इंदौर में प्रीमियम FAR 0.05 मानक दर से प्रभावी है । रियल एस्टेट के कारोबारियों की लगातार शिकायतों के उपरांत शासन द्वारा इसमें आंशिक संशोधन करते हुए इसे 0.25 हाल ही में किया गया है, जो कि 5 गुना अधिक है । इसका प्रभाव कई वर्षों तक रहेगा और आने वाले समय में ग्वालियर रियल एस्टेट सेक्टर में काफी पिछड़ जाएगा और प्रोपर्टी के रेट भी इससे अत्याधिक प्रभावित होंगे ।

# FICCI की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक अहमदाबाद में आयोजित

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

## बैठक में गुजरात विकास मॉडल की सराहना




फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की एक बैठक दिनांक 21 अप्रैल 26 को गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में तीन सत्रों में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता फिक्की के अध्यक्ष-श्री अनन्त गोयनका ने की। बैठक में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल शामिल हुए।

'प्रथम सत्र' में फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई।

'द्वितीय सत्र' में गुजरात के मुख्यमंत्री-माननीय श्री भूपेंद्र भाई पटेल शामिल हुए। आपने इस अवसर पर अपने उदबोधन में कहा कि ''विकसित भारत का अर्थ विकसित गुजरात है'' तथा गुजरात को 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, आईटी एवं ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में गुजरात की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

'तृतीय सत्र' में गुजरात के उपमुख्यमंत्री, माननीय श्री हर्ष संघवी जी शामिल हुए। आपने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले 2-3 वर्षों में गुजरात देश के अन्य सभी राज्यों से अधिक डाटा सेंटर क्षमता स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि धोलेरा में एशिया का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट तथा साणंद में बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।




फिक्की अध्यक्ष-श्री अनंत गोयनका ने कहा कि गुजरात देश के औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बन चुका है तथा राज्य का निर्यात, विनिर्माण एवं निवेश में महत्वपूर्ण योगदान है।

बैठक में अनुसंधान, विनिर्माण उत्कृष्टता, व्यापार सुगमता एवं सप्लाई चेन सुरक्षा को भविष्य की प्राथमिकताओं के रूप में रेखांकित किया गया। साथ ही, विकास, निवेश संवर्धन एवं हरित ऊर्जा क्षेत्र में गुजरात मॉडल की सराहना की गई।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका





# ग्वालियर एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं का समर शेड्यूल

(Summer Flight Schedule period 29.03.26 to 24.10.26)

| DAYS | S. No. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| TUESDAYS | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 13:10 | IX-2362 | GWL-BLR | 13:40 |
| | 2 | AKASA AIR | QP-1741 | B737-8MAX | BLR-GWL | 14:15 | QP-1742 | GWL-BLR | 14:50 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| | 4 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| WEDNESDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| THURSDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 13:10 | IX-2362 | GWL-BLR | 13:40 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| FRIDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| SATURDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX- 2361 | B737-8MAX | BLR-GWL | 13:10 | IX-2362 | GWL-BLR | 13:40 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-6454 | A320N | DEL-GWL | 14:55 | 6E-6455 | GWL-DEL | 15:30 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |
| SUNDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5276 | A320N | BOM-GWL | 15:40 | 6E-5265 | GWL-BOM | 16:15 |

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2026-27 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल, 2026 से देय हो गया है ।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून 26 तक जमा किया जा सकता है । उक्त तिथि के पश्चात् रु. 200/- प्रति वर्ष अधिभार की राशि देय होगी ।

* पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
* प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
* साधारण सदस्य : रु. 750.00


http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# सदस्य उपलब्धियाँ...

## ‘साडा’ एवं ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण तथा ग्वालियर विकास प्राधिकरण में MPCCI के सम्माननीय सदस्यों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



अशोक शर्मा



उदयवीर गुर्जर



सुधीर गुप्ता

म. प्र. शासन द्वारा श्री अशोक शर्मा जी को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) का ‘अध्यक्ष’ एवं श्री उदयवीर गुर्जर जी को ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण का ‘उपाध्यक्ष’ तथा श्री सुधीर गुप्ता जी को ग्वालियर विकास प्राधिकरण का ‘उपाध्यक्ष’ नियुक्त किया गया है।

*पदाधिकारियों ने उपरोक्त सदस्य महानुभावों की नियुक्ति होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं।*

## अप्रैल 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- जिलाधीश महोदया, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर पुस्तक मेला में पुस्तक एवं स्टेशनरी व्यवसाईयों की सीज की गई दुकानों पर सद्भावना पूर्वक विचार करने की माँग की गई।
- चेयरमैन, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली एवं महाप्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज को पत्र प्रेषित कर, ट्रेन संख्या 11126-11125/21126-21125 (ग्वालियर-भिण्ड/रतलाम-एक्सप्रेस) की औसत गति को बढ़ाए जाने की माँग की गई।
- केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम एवं कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के तहत जमा किए जाने वाले नियोक्ता के अंशदान को छः माह के लिए स्थगित किए जाने की माँग की गई।
- ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र प्रेषित कर, बहौड़ापुर चौराहा से सागरताल चौराहा मार्ग एवं रामदास घाटी से शिन्दे की छावनी तक के जर्जर मार्ग का निर्माण शीघ्र किए जाने की माँग की गई।
- आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र लिखकर शंकरपुर औद्योगिक नगरी में प्रति वर्ष होने वाले जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान की माँग की गई।
- केन्द्रीय रेलमंत्री-माननीय श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित कर, ओरछा से अयोध्या धाम हेतु सीधी रेल सेवा प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई।
- मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, म. प्र. परिमंडल, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, पासपोर्ट सेवा केन्द्र, ग्वालियर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा ‘चेम्बर भवन’, एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917